*गहराई में बढ़ना – सप्ताह 10*

# यीशु उदारता को प्रेरित करता है!

family.fit fast

7 मिनट आपके *परिवार.फिटनेस.विश्वास.मनोरंजन* को विकसित करने में मदद करने के लिए।



*www.family.fit*

# यह बहुत आसान है!

**परिवार को 7 मिनट के लिए इकट्ठा करें:**

| | **सक्रिय बने** *4 मिनट* | **आराम करें और बात करें** *3 मिनट* |
|---|---|---|
| **दिन 1** | संगीत पर हिले | मरकुस 14:3-9 पढ़ें और चर्चा करें |
| **दिन 2** | पार्टनर स्कॉट्स | मरकुस 14:3-9 पढ़ें और चर्चा करें |
| **दिन 3** | गर्म लावा पर भागना | मरकुस 14:3-9 पढ़ें और चर्चा करें |

यह मरकुस की कहानी के माध्यम से एक यात्रा का हिस्सा है, जैसा कि हम खोजते हैं 'यह मनुष्य यीशु कौन है?'। यह बाइबल में में पाया गया है**मरकुस 14:3-9**।

**यह आसान है!** कोई विशेष उपकरण नहीं। बस मनोरंजन और एक खुले दिमाग की भावना है!

*पुस्तिका के अंत में अधिक जानकारी दिया गया है। कृपया नियमों और शर्तों को पढ़ें।*



# दिन 1

## सक्रिय बने

### संगीत पर हिले

कुछ पसंदीदा संगीत बजाएं। संगीत समाप्त होने तक अपने जगह के आसपास निम्नलिखित लेप्स करें: जॉगिंग, हाई नी रनिंग, बैक हील किकिंग, फ्रॉग जंपिंग।

https://youtu.be/PK3ByxwfLgA

## आराम करें और बात करें

### आश्चर्य की बात उदारता है

- *कुछ नाम दें जिसके लिए आप बहुत आभारी हैं।*

पढ़ें **मरकुस 14:3-9**।

बस आखरी भोज से पहले, यीशु शिमोन के साथ एक भोजन साझा करता है (एक कोढ़ी जिसे शायद उसने चंगा किया), कुछ अन्य मेहमान, और एक अप्रत्याशित परिदर्शक जो अविश्वसनीय रूप से उदार है।

- *महिला ने यीशु पर इत्र क्यों डाला?*

**परमेश्वर से चैट करें**: चुपचाप मनन करें आपकी प्रतिक्रिया यीशु के पास। उन्होंने आपके लिए जो कुछ भी किए है धन्यवाद दे और उसकी आराधना करें।

# दिन 2

## सक्रिय बने

### पार्टनर स्कॉट्स

एक साथी के आमने सामने खड़े हो जाये। एक ही समय में एक दूसरे की कलाई पकड़े और स्कॉट करें। 15 स्कॉट्स के तीन राउंड करें।



https://youtu.be/McKuB4rlun0

## आराम करें और बात करें

### अपेक्षित उदारता

- *आप किसके लिए नियमित रूप से देते हैं? आप समय, व्यावहारिक मदद, पैसा दे सकते हैं...*

पढ़ें **मरकुस 14:3-9**।

पद 4-5 हमें दिखाते हैं कि मेहमानों ने सोचा कि महंगे इत्र को 'अपेक्षा के अनुसार इस्तेमाल किया जाना चाहिए'। यीशु ने, हालांकि, अप्रत्याशित रूप से देने के लिए महिला को सम्मानित किया।

- *क्या यीशु हमें कृतज्ञता और आराधना के कुछ अप्रत्याशित कृत्यों के लिए बुला रहा है?*

**परमेश्वर से चैट करें**: प्रभु से पूछें कि क्या आपके देने (व्यक्तिगत या घराना) को पुनर्निर्देशित या बढ़ाया जाना चाहिए। उसे बोलने और प्रेरित करने के लिए समय दें।

# दिन 3

## सक्रिय बने

### गर्म लावा पर भागना

सारे जगह पर चारों ओर फैलाओ। एक लीडर का चयन करें। जब लीडर कहता हैं “गर्म लावा” हर कोई जितना जल्दी हो सके तेजी से मौके पर ही भागते है। जब लीडर कहता है “रुको” हर कोई स्कॉट्स करते है। दोहराएं जब तक कि हर कोई भारी साँस न ले रहे हो

https://youtu.be/JZ7oOjNQYDI

## आराम करें और बात करें

### असाधारण उदारता

- *आपने सबसे अच्छा उपहार जो कभी प्राप्त किये है वह क्या है?*

पढ़ें **मरकुस 14:3-9**।

पद 7 में यीशु के शब्दों से पता चलता है कि हमसे गरीबों को देने की उम्मीद की गयी है। असाधारण देना – यहां तक कि अत्यधिक – यीशु को उपहार देना हमारे प्रति उनकी अविश्वसनीय उदारता और प्रेम के प्रति हमारी प्रतिक्रिया होना चाहिए।

- *परमेश्वर ने आपको क्या विशेष प्रतिभा दी है?*

प्रत्येक व्यक्ति के लिए उपहार बॉक्स उतारे या बनाएं। इसे सजाएं और उसमे विशेष प्रतिभा या क्षमता लिखे जो परमेश्वर ने आपके अंदर दिया है।

**पेमेश्वर से चैट करें:** परमेश्वर के सामने उपहार बॉक्स पकड़े। उससे कहें की वह इस उपहार का उपयोग करें उसके उद्देश्यों के लिए।

# सप्ताह के लिए शब्द

आप इन शब्दों को नि:शुल्क ऑनलाइन बाइबिल में यहाँ पा सकते हैं मरकुस 14:3-9 (एनआईवी)।

**बाइबिल वचन** – मरकुस 14:3-9 (एनआईवी)

जब वह बैतनिय्याह में शमौन कोढ़ी के घर भोजन करने बैठा हुआ था तब एक स्त्री संगमरमर के पात्र में जटामांसी का बहुमूल्य शुद्ध इत्र लेकर आई। और पात्र तोड़ कर इत्र को उसके सिर पर उण्डेला। परन्तु कोई कोई अपने मन में रिसयाकर कहने लगे, इस इत्र को क्यों सत्यनाश किया गया? क्योंकि यह इत्र तो तीन सौ दीनार से अधिक मूल्य में बेचकर कंगालों को बांटा जा सकता था।" ओर वे उस को झिड़कने लगे। यीशु ने कहा; "उसे छोड़ दो।" "उसे क्यों सताते हो? उस ने तो मेरे साथ भलाई की है। कंगाल तुम्हारे साथ सदा रहते हैं: और तुम जब चाहो तब उन से भलाई कर सकते हो। पर मैं तुम्हारे साथ सदा न रहूंगा। जो कुछ वह कर सकी, उस ने किया। उस ने मेरे गाड़े जाने की तैयारी में पहिले से मेरी देह पर इत्र मला है। मैं तुम से सच कहता हूं, कि सारे जगत में जहां कहीं सुसमाचार प्रचार किया जाएगा, वहां उसके इस काम की चर्चा भी उसके स्मरण में की जाएगी।"

# स्वास्थ्य सुझाव

प्रौद्योगिकी 'स्क्रीन' समय कम करें।

स्क्रीन पर समय बदलने के लिए पारिवारिक गतिविधियों की योजना बनाएं रचनात्मक बने!



# अधिक जानकारी

हमें आशा है कि आपने *तेजी से* *family.fit* का आनंद उठाया है। यह दुनिया भर से स्वयंसेवकों द्वारा एक साथ रखा गया है। यह मुफ़्त है!

आप सम्पूर्ण family.fit सत्र को https://family.fit के वेबसाइट पर देख सकते है। इसे दूसरों के साथ साझा करें

वीडियो को family.fit यूट्यूब® चैनल पर खोजें

सोशल मीडिया पर हमें यहां खोजें:

**यदि आप इसे एक अलग भाषा में अनुवाद करते हैं, तो कृपया info@family.fit पर हमें ईमेल करें ताकि इसे दूसरों के साथ साझा किया जा सके।**

धन्यवाद।

*family.fit टीम*



**प्रोमोशनल वीडियो**

## नियम और शर्तें

### इस संसाधन का उपयोग करने से पहले महत्वपूर्ण समझौता

इस संसाधन का उपयोग करके आप हमारे नियमों और शर्तों से सहमत हैं https://family.fit/terms-and-conditions विस्तृत रूप से वेबसाइट पर सम्पूर्ण जानकारी है। ये आपके द्वारा और आपके साथ व्यायाम करने वाले सभी संसाधनों को आपके उपयोग के लिए नियंत्रित करते हैं। कृपया सुनिश्चित करें कि आप और आपके साथ व्यायाम करने वाले सभी इन नियमों और शर्तों को पूर्ण रूप से स्वीकार करते हैं। यदि आप इन नियमों और शर्तों या इन नियमों और शर्तों के किसी भी हिस्से से असहमत हैं, तो आपको इस संसाधन का उपयोग नहीं करना चाहिए।


family.fit